भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1406**

**26 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए नियत**

**बैटरी स्वैपिंग स्टेशन**

**1406. श्री अदला प्रभाकर रेड्डी:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए छोटे बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच अंतर-संचालनीयता लाने के लिए ईवी बैटरी के लिए समान मानकों के कार्यान्वयन के लिए क्या प्रयास किए गए हैं; और

(ग) देश में बैटरी स्वैपिंग सेवा प्रदाताओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

(क): पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सूचित किया है कि 01-07-2022 की स्थिति के अनुसार तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने अपने खुदरा बिक्री केन्द्रों (आरओ) पर 54 बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों की स्थापना की है। ब्यौरा **अनुलग्नक-क** में है।

(ख) और (ग): बैटरी स्वैपिंग नीति को लागू करने के लिए नीति आयोग ने संबंधित पक्षों के साथ परामर्श के लिए नीति का मसौदा अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया है।

**<u>अनुलग्नक-क</u>**

**तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा अपने खुदरा बिक्री केंद्रों (आरओ) पर संचालित बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (01.07.2022 की स्थिति के अनुसार)**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **बिक्री केंद्रों (आरओ) की संख्या जहाँ ईवी बैटरी स्वैपिंग स्टेशन की सुविधा है** |
|---|---|
| अंडमान और निकोबार | 0 |
| आंध्र प्रदेश | 2 |
| अरुणाचल प्रदेश | 0 |
| असम | 0 |
| बिहार | 0 |
| चंडीगढ़ | 4 |
| छत्तीसगढ़ | 1 |
| दिल्ली | 12 |
| गोवा | 0 |
| गुजरात | 0 |
| हरियाणा | 7 |
| हिमाचल प्रदेश | 0 |
| झारखंड | 0 |
| संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर | 0 |
| कर्नाटक | 4 |
| केरल | 6 |
| लक्षद्वीप | 0 |
| मध्य प्रदेश | 0 |
| महाराष्ट्र | 0 |
| मणिपुर | 0 |
| मेघालय | 0 |
| नागालैंड | 0 |
| ओडिशा | 2 |
| पुदुचेरी | 0 |
| पंजाब | 0 |
| राजस्थान | 2 |
| तमिलनाडु | 0 |
| तेलंगाना | 6 |
| त्रिपुरा | 0 |
| दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव | 0 |
| उत्तर प्रदेश | 8 |
| उत्तराखंड | 0 |
| पश्चिम बंगाल | 0 |
| **कुल योग** | **54** |

********